कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.09.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

## समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में 'महिलाओं के विरूद्ध अपराध' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न अथवा अत्याचार के निवारण के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्था संचालित किए जा रहे हैं। व्याख्यान की मुख्य वक्ता वैशाली नगर महाविद्यालय की समाजशास्त्र की प्राध्यापक डॉ0 चांदनी मरकाम थी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पुरूष प्रधानता संकीर्ण सोच तथा अशिक्षा आदि प्रमुख कारण है। इस प्रकार की हिंसा व अपराध बहुत घातक है। जो नारी मन तथा बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने लड़कियों को परेशान करने के लिए विभिन्न मामलों में आईपीसी की धारा लागू होती है। जिनमें प्रमुख रूप से पीछा करना, यौन उत्पीड़न, लज्जा भंग करने के इरादे से कहे गये शब्द व हाव-भाव शामिल है। इन कानूनी धाराओं के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान उत्पीड़न के प्रकार निर्भर करते हैं। जिसमें जुर्माना एवं कारावास हो सकते हैं। महिला पर होने वाले अत्याचार के रोक के लिए कानूनी स्तर पर महिला थाना भी संचालित किए जा रहे हैं। इस पर विस्तृत जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई।

इस अवसर पर समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ0 मोनिया राकेश सिंह ने व्याख्यानमाला की उपादयता पर प्रकाश डालते हुए आज विषय की सारगर्भित व्याख्या की और कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के कारण, परिणाम, रोकथाम एवं निवारण कैसे किया जा सकता है, इस पर छात्राओं को विशेष रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कु0 लुकेश्वरी तथा आभार प्रदर्शन श्री अरविन्द लोखण्डे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालये वरिष्ठ प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन







